# फैशन-1

Content for:

M.A.1 Home Science (Paper 1)

CSJMU

Created by:

*Smt. Sonia Khanna*

*(Associate professor)*

*Dept. of Home Science*

*G.N.G.P.G College, Kanpur*



यह सामग्री विशेष रूप से शिक्षण और सीखने को बढ़ाने के शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए है। आर्थिक / वाणिज्यिक अथवा किसी अन्य उद्देश्य के लिए इसका उपयोग पूर्णत: प्रतिबंध है। सामग्री के उपयोगकर्ता इसे किसी और के साथ वितरित, प्रसारित या साझा नहीं करेंगे और इसका उपयोग व्यक्तिगत ज्ञान की उन्नति के लिए ही करेंगे। इस ई-कंटेंट में जो जानकारी की गई है वह प्रामाणिक है और मेरे ज्ञान के अनुसार सर्वोत्तम है (The content is exclusively meant for academic purposes for enhancing teaching and learning. Any other use for economic/commercial purpose is strictly prohibited. The users of the content shall not distribute, disseminate or share it with anyone else and its use is restricted to advancement of individual knowledge. The information provided in this e-content is authentic and best as per knowledge)

# फैशन:परिचय

जब किसी समय विशेष में कोई शैली बहुत सारे लोगों द्वारा अपनाई जाती है तो वह फैशन कहलाती है ।फैशन परिधानों की शैलियों में लगातार होते रहने वाला परिवर्तन भी है जो किसी बड़े जन समुदाय द्वारा स्वीकारा जाता है।



# फैशन के बारे में विभिन्न विद्वानों के विचार

- Oscar Wilde, "फैशन असहनीय बदसूरती का वह प्रकार है जिसे हर छह महीने में बदलना पड़ता है।"
- Ambrose Bierce, "फैशन वह जमाव है जिसकी बुद्धिमान हंसी उड़ाते हैं और पालन करते हैं
- Thoreau "हर पीढ़ी पुराने फैशन पर हंसती है परन्तु धार्मिक रूप से नये फैशन का अनुसरण करती है।"
- Webster's Dictionary, "अनुसरण या स्वीकार की गई कोई पोशाक या व्यक्तिगत अलंकरण की शैली जो कि एक निश्चित समय और सीजन में अपनाई गई हो।"

# फैशन की सर्वमान्य परिभाषा

किसी समय़ विशेष में किसी भी जन समूह द्वारा अपनाई गई शैली उस समय का फैशन है। फैशन हमारे जीने के अंदाज को प्रभावित करता है। वह हमारे खाने -पीने,घूमने -फिरने, सुनने-बोलने, पहनने-ओढ़ने आदि पहलुओं को प्रभावित करता है फैशन के इस प्रभाव को देखते हुए कहा जाता है Out of fashion means Out of world

# फैशन उद्योग में उपयुक्त शब्दावली



फैशन उद्योग में उपयुक्त तकनीकी शब्दावली काफी बड़ी है। यहां हम कुछ के बारे में जानेंगे।

- Accessories: परिधान के साथ पहने जाने वाली सहायक सामग्री। यह सामग्री परिधान को पूर्णत: प्रदान करती है। आकर्षण को बढ़ाती है साथ ही अन्य सुरक्षात्मक आदि उद्देश्यों को पूरा करती है। इसके अंतर्गत कैप, बेल्ट, आभूषण, फुटवियर आदि आते हैं।
- Apparel: महिलाओं पुरुषों व बच्चों के परिधान
- Antique: ऐतिहासिक काल के परिधानों की शैली
- Boutique (बुटिक): यह फ्रेंच शब्द है । इसका अर्थ छोटी दुकान से है। यह एक स्वायत्त फुटकर दुकान है जिसमें ग्राहक की इच्छानुसार परिधान व सहायक सामग्री का व्यवसाय किया जाता है।

- Brand: यह एक व्यावसायिक नाम व चिन्ह जो उत्पादन, उत्पादक व वितरक को प्रदर्शित करता है
- Collection: किसी मौसम विशेष की शैलियों का निर्माण व विक्रय
- Design: विभिन्न हिस्सों, आकृतियों, रंग, लाइन, फैब्रिक के व्यवस्थापन से मिलकर बनी शैली
- Designer: रेखांक द्वारा या वास्तविक रुप में किसी नए फैब्रिक अवधारणा को शुरू करने वाला या बनाने वाला
- Fashion Forecast: भविष्य में आने वाले फैशन या शैली का पूर्वानुमान
- Fashion show: किसी शैली या शैली समूह का औपचारिक प्रदर्शन
- Style: एक विशेष प्रकार का उत्पाद जो उसी उत्पाद के अन्य प्रकार से भिन्न होता है
- Trend: वह दिशा जिस ओर फैशन मुड़ रहा होता है

- Classic: एक निश्चित शैली जो सदैव फैशन में रहती है

- Fad: कम समय का फैशन

- Fashion: ऐसी शैली जो किसी निश्चित समय में लोगों के बहुत बड़े समुदाय द्वारा स्वीकारी या अपनाई जाती हो


- Fashion cycle: फैशन के आरंभ होने से, उसके उत्थान, लोकप्रियता, चरम बिन्दु व प्रचलन में गिरावट को प्रदर्शित करने वाला चक्र जो सामान्यता लहरनुमा वक्र से दर्शाया जाता है



CLASSIC




FAD



# फैशन चक्र (Fashion Cycle)







फैशन के आरम्भ होने से लेकर उसके प्रचलन से बाहर होने तक का सफर, फैशन चक्र के माध्यम से दर्शाया जाता है। फैशन चक्र सामान्यता लहरनुमा आकार (bell shaped) का होता है।

# फैशन चक्र की पांच अवस्थाएं




## 1. शैली का परिचय (Introduction)

- डिजाइनर द्वारा नए डिजाइन (शैली) का निर्माण
- शैली का trade publications एवं Fashion shows में प्रस्तुत होना
- Fashion leaders द्वारा शैली को अपनाया जाना
- कम लोगों द्वारा खरीदा जाना
- ऊंची कीमत



# 2. लोकप्रियता में वृद्धि (Rise)

- शैली का consumer magazines में छपना
- निर्माताओं द्वारा शैली की  प्रतिलिपिओं का निर्माण
- Fashion conscious लोगों का शैली को अपनाना
- शैली का लोकप्रिय होना =  बिक्री बढ़ना




# 3. लोकप्रियता की चोटी (Peak)

- शैली का सर्वाधिक लोकप्रिय होना
- शैली का local newspapers में दिखाई देना
- Fashion followers द्वारा अपनाया जाना
- शैली का बड़े पैमाने पर उत्पादन होना
- फैशन का आम जनता में प्रचलन




# 4. लोकप्रियता में गिरावट (Decline)

- उपभोक्ताओं का फैशन से थकना
- फैशन की मांग में कमी
- फैशन का सस्ता होना



# 5. शैली की अस्वीकृति /अप्रचलन (Rejection phase/ Obsolescence)

- फैशन  का अंत
- फैशन का knock off sales में बिकना
- सस्ता होने के बावजूद भी बिक्री में कमी
- फैशन का पुराना होना
- Fashion innovators एवं designers का नई शैली की ओर झुकाव



| Fashion Leaders (Trend Setters) | Fashion Followers | Fashion Laggards |
|---|---|---|
| फ़ैशन को सबसे पहले अपनाने वाले लोग जिनमें नई शैली अपनाने का आत्मविश्वास होता है<br><br>➢ सामाजिक, राजनैतिक, व्यवसायिक नेता,<br><br>➢ बड़े परदे के सितारे,<br><br>➢ खेल जगत के सितारे,<br><br>➢ Pop गायक, आदि हो सकते हैं | ऐसे लोग जो फैशन के लोकप्रिय होने का इंतजार करते हैं<br><br>➢ इन लोगों के पास समय, रुचि एवं साधनों का अभाव होता है<br><br>➢ फैशन को तभी अपनाते हैं जब फैशन लोकप्रिय होने लगता है | फैशन को सबसे देर में अपनाने वाले लोग |

# BIBLIOGRAPHY


- www.textilelearner.blogspot.com
- www.slideshare.net/MohaddesaDehghani/fashion-terminology-73084370
- www.slideplayer.com/slide/4888082/
- www.brainkart.com/article/Theories-of-Fashion_35653/